University in News on 30 April 2025

HINDUSTAN PAGE 7

छात्रों ने स्टैंडअप, खेल और नाटक से जीता सबका दिल

एलयू के तीन दिवसीय इंटर कॉलेज फेस्ट 'इंसुला' के दूसरे दिन छात्रों ने स्टॉल लगाए।

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय इंटर कॉलेज फेस्ट 'इंसुला' के दूसरे दिन छात्रों का रचनात्मक अंदाज देखने को मिला। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रतिभा के रंग बिखेरे।

इंटर कॉलेज फेस्ट में मंगलवार के दिन का विषय रचनात्मक सोच के द्वीप पर आधारित था। संयोजक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने बताया कि यह दिन विचारों और भावनाओं की गहराई में डुबकी लगाने के विषय पर आधारित भावना से ओत-प्रोत रहा। इस दौरान एपी सेन सभागार में डिबेट, मनोविज्ञान विभाग में स्केप रूम हुआ। स्केप रूम में चार से पांच छात्रों को कमरों में बंद कर दिया गया। वह खुद चाबी ढूंढकर बाहर निकले। शार्ट फिल्म प्रतियोगिता में 18 फिल्मों ने प्रतिभाग किया। नुक्कड़ नाटक में बीबीएए, बीबीडी, एलयू के विद्यार्थियों ने सामाजिक विषयों को उजागर किया। दूसरे दिन का अंत श्रेयांश और अक्षत सिन्हा की स्टैंड अप कॉमेडी से हुआ।

निर्णायक मंडल में समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. डीआर साहू, प्रो. राकेश चंद्रा समेत अन्य रहे।

स्टॉल्स पर खरीदारी

एलयू परिसर स्थित लाल बारादरी से लेकर मनोविज्ञान विभाग तक कुल 30 स्टॉल्स लगाए गए हैं। इसमें 15 स्टॉल छात्रों ने हैंडमेड ज्वेलरी, कपड़े और खान-पान के लगाए हैं। छात्रों का कहना है कि खूब बिक्री हुई।

डीजे नाइट सजेगी

इंसुला नामक इस इंटर कॉलेज फेस्ट में शहर के 30 से ज्यादा कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रतिभाग कर रहे हैं। अंतिम दिन रैंप वॉक, कॉस्टले, फैशन शो, बियेटर और प्लेज मॉग जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन होगा। शाम पांच से आठ तक डीजे नाइट होगी।

NBT PAGE 6

ग्राउंड पर खतरों के खिलाड़ी बने छात्र

एलयू में इंटर कॉलेज फेस्ट के दूसरे दिन हुई कई नई प्रतियोगिताएं

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** ऑनलाइन गेमिंग के धुरंधरों ने मंगलवार को एलयू में गेमिंग स्किल का हुनर दिखाया। विवि में आयोजित इंटर कॉलेज फेस्ट के दूसरे दिन ऑनलाइन गेम बीजीएमआई की प्रतियोगिता रखी गई।

पहली बार एलयू में इस तरह की हुई प्रतियोगिता में 50 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए। वहीं खतरों के खिलाड़ी की तर्ज पर स्केप रूम प्रतियोगिता हुई। जिसमें अंधेरे कमरे में प्रतिभागियों को भेजकर टास्क दिए गए और चाबी तलाश कर छात्र को बाहर आने के लिए कहा गया। यह प्रतियोगिता नाइट विजन कैमरे की निगरानी हुई।

सायकॉलजी विभाग की ओर से आयोजित इंटर कॉलेज फेस्ट इंसुला में मंगलवार को कई प्रतियोगिताएं हुईं।

पहली बार एलयू में इस तरह की प्रतियोगिता हुई। इसमें 50 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए और अपना हुनर दिखाया।

स्टूडेंट्स की ओर से स्टॉल भी लगाए गए। कॉलेजों के 9 हजार से अधिक छात्र फेस्ट में शामिल हुए। फेस्ट में नुक्कड़ नाटक की प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही जिसमें टीमों ने सामाजिक मुद्दे नाटक के जरिए उठाए गए। सायकॉलजी क्विज में छात्रों ने बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम के उद्घाटन में केकेसी के प्रिंसिपल प्रो. विनोद चंद्र, प्रो. राकेश चंद्रा, प्रो मानिनी श्रीवास्तव शामिल रहे।

कैशलेस इलाज करवा सकेंगे LU के शिक्षक-कर्मचारी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी अब अस्पतालों में कैशलेस इलाज करवा सकेंगे। वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने मंगलवार को मालवीय सभागार में इस सुविधा की शुरुआत की। एलयू शिक्षक संघ एवं कर्मचारी परिषद के सहयोग से हुए कार्यक्रम में सभी संकायों के डीन को कुलपति ने खुद कार्ड दिए। इसी तरह बाकी शिक्षकों और कर्मचारियों को भी कार्ड दिए गए। इस कार्ड की मदद से शिक्षक और कर्मचारी अपना और अपने पति या पत्नी का चार लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मुफ्त में करवा सकेंगे। वीसी ने कहा कि विवि अपने संसाधनों से यह सुविधा दे रहा है। प्रदेश के दूसरे किसी भी विवि में ऐसी सुविधा नहीं है। भविष्य में इस सुविधा में कर्मचारियों व शिक्षकों के बच्चों को भी शामिल करने का भी प्रयास होगा।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

मुद्रास्फीति से जागरूकता के बताए उपाय

लखनऊ। लविवि के आईएमएस संस्थान में राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की ओर से महिलाओं के लिए वित्तीय कल्याण पर विशेष सत्र का आयोजन हुआ। यहां नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के विशेषज्ञों ने बताया कि वित्तीय साक्षरता और जागरूकता कैसे बढ़ाई जाए, अपने वित्त और निवेश को बेहतर तरीके से कैसे प्रबंधित किया जाए, मुद्रास्फीति से कैसे बचा जाए। (संवाद)

लविवि: परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विवि में सत्र 2024-25 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत केंद्रों की नई सूची जारी कर दी है। इसे विवि की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि सम सेमेस्टर परीक्षा के मद्देनजर 22 नोडल और 269 परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची घोषित की गई थी। आपत्तियों के बाद अब 278 केंद्रों की सूची जारी कर दी गई है। (संवाद)

प्रतिस्पर्धा के लिए जरूरी अपेक्षा प्रबंधन

लखनऊ। लविवि के रसायन विज्ञान विभाग ने पूर्व छात्र व्याख्यान श्रृंखला के तहत 20वें व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य वक्ता एमएससी रसायन विज्ञान 1973 बैच के पूर्व छात्र अरुण वर्मा ने सतत विकास के लिए प्रतिस्पर्धा के लिए अपेक्षा प्रबंधन पर बात रखी। (संवाद)

JAGRAN CITY PAGE III

'आइ लव दाल-चावल, क्लास में एयर कंडीशनर लगवा दो'

लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में इंसुला कार्निवाल में नुक्कड़ नाटक करते छात्र-छात्राएं। आयोजन के तहत लगाई गई प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र • जागरण

जागरण संवाददाता • लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव इंसुला-25 के दूसरे दिन मंगलवार को विद्यार्थियों ने रंगमंच पर शानदार प्रदर्शन किया। स्ट्रीट फूड समेत परिसर में सजी अन्य दुकानों पर घूमकर खूब मजे भी लिए। फालूदा, मटका कुल्फी, साउथ इंडियन फूड समेत पानी के बताशों का स्वाद चखने के लिए दुकानों पर विद्यार्थियों की होड़ लगी रही।

कार्यक्रम में छोटी सी दीवार बनाकर विद्यार्थियों ने उस पर आइ लव दाल-चावल, क्लास में एसी लगवा दो व कलयुग आ गया है, जैसे कई मजेदार कोट लिखे। लव ऐट साइक्वेस्ट में पांच प्रतिभागी, क्लैश गर्ल्स चाइट, खिलौने और बुक की दुकानों पर आर्टीफीशियल ज्वैलरी, हाथ बैग व पर्स की भी खूब खरीदारी हुई। अंब्रोसिया बेकरी पर आइसक्रीम, काफी, लीची, कुकी क्रीम व कोल्ड काफी समेत प्लम केक का स्वाद चखने को लेकर छात्राओं की उमंग देखते बन रही थी। मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित क्विज विद कलेश वाद-विवाद में 15 प्रतिभागी, सड़क से समाज तक व टर्नकोट में नौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। साथ ही गेमिंग, एकल गायन, युगल गायन व स्टैंड-अप कामेडी में भागीदारों और दर्शकों ने खूब ठहाके लगाए। चार प्रेरणादायी लघु फिल्में भी दिखाई गईं। संयोजिका डा. मानिनी श्रीवास्तव ने कहा कि यह महोत्सव संकाय सदस्यों व छात्रों को उनकी रचनात्मकता को दिखाने के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। ताकि वह बौद्धिक विमर्श के साथ सार्थक संवाद स्थापित कर सकें। जेएनपीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर मिश्र, प्रो. राकेश चंद्रा व प्रो. एम. प्रियदर्शिनी मौजूद रहे।

PIONEER PAGE 3

पहलगाम हमले में मारे गये परिवारों के इच्छुक बच्चों को निःशुल्क पढ़ाएगा लविवि

● नृशंस आतंकी हमले की कुलपति ने की निंदा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीते 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकी हमले में मारे गये लोगों के पीड़ित परिवारों के प्रति लखनऊ विश्वविद्यालय ने संवेदना जताते हुए मंगलवार को सामाजिक स्तर पर मानवीय कदम उठाया है। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा है कि हमले मे मारे गये लोगों के परिवार से यदि कोई छात्र विवि में दाखिला लेता है तो विवि उसे निःशुल्क पढ़ायेगा।

विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि बीते 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकी हमले में हमारे देश के 26 नौजवानों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। है इस अत्यंत घृणित कृत्य की पूरे लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार की ओर से और अपने निजी ओर से मैं कठोरतम शब्दों में भर्त्सना करता हूँ। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार के कुलपति के अधिकार से मैं यह कहना चाहता हूँ कि इन सभी 26 परिवारों से यदि कोई भी लखनऊ विश्वविद्यालय में आकर पढ़ाई करना चाहता है, तो विश्वविद्यालय परिवार उनका स्वागत करता है। उनकी पढ़ाई के दौरान आने वाले सभी खर्चों मसलन उनकी शिक्षा, उनकी किताबें, उनके रहने-खाने सभी खर्चों का वहन विश्वविद्यालय परिवार करेगा।

शिक्षकों-कर्मचारियों को मिलेगा चार लाख तक मुफ्त इलाज

जागरण संवाददाता ●लखनऊ: राज्य विश्वविद्यालयों की श्रेणी में पहली बार लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में कैशलेस चिकित्सा सुविधा का शुभारंभ किया गया। मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड बांटे। कार्यक्रम में सभी संकायों के अध्यक्षों (डीन) को कुलपति ने कैशलेश चिकित्सा कार्ड प्रदान किया। इस सुविधा से लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी एवं उनके पति/पत्नी को चार लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा का निश्शुल्क लाभ मिलेगा।

कुलपति ने कहा कि भविष्य में हमारा प्रयास होगा कि इस सुविधा के तहत कर्मचारी एवं शिक्षकों के बच्चों को भी शामिल किया जा सके। 65 वर्ष तक इस सुविधा का लाभ शिक्षक एवं कर्मचारी अपने सेवानिवृत्ति के बाद भी ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए आवास की सुविधा बढ़ायी जानी चाहिए। इसके अलावा एक मल्टीस्टोरी अपार्टमेंट की आवश्यकता को स्वीकार किया। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में कैशलेस चिकित्सा सुविधा के शुभारंभ अवसर पर शिक्षकों के साथ उपस्थित कुलपति आलोक कुमार राय, साथ में परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, प्रतिकुलपति प्रो.मनुका खन्ना व प्रो. आरबी सिंह● जागरण

लखनऊ विश्वविद्यालय में कैशलेस चिकित्सा सुविधा का किया गया शुभारंभ, बांटे गए कार्ड

शिक्षक संघ (लूटा) एवं लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद सहयोगी रहा। इस मौके पर प्रतिकुलपति प्रो मनुका खन्ना, कुलसचिव विद्यानन्द त्रिपाठी, लूटा के अध्यक्ष प्रो. आरबी सिंह, महामंत्री डा. अनित्य गौरव, कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव, महामंत्री संजय शुक्ला के अतिरिक्त सभी संकायो के अधिष्ठाता व विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल थे।

नगर की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

i-NEXT PAGE 4

स्टूडेंट्स ने अपनी क्रिएटिविटी से किया इम्प्रेस

इंसुला फेस्ट के दूसरे दिन डिबेट, नुक्कड़ नाटक, थिएटर का हुआ आयोजन

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (29 April): लखनऊ यूनिवर्सिटी के साइकोलॉजी डिपार्टमेंट की तरफ से आयोजित कल्चर एंड लिटरेरी फेस्ट इंसुला के दूसरे दिन डिबेट, नुक्कड़ नाटक, फोटोग्राफी और थिएटर जैसे प्रोग्राम्स का आयोजन हुआ. इस फेस्ट में लखनऊ के अलग-अलग 30 कॉलेजों के स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया. इन स्टूडेंट्स ने अपने हैंडमेड पीस के स्टॉल्स भी लगाए. इंसुला इवेंट को यूनिवर्सिटी और बाहर के स्टूडेंट्स काफी इंजॉय कर रहे हैं.

फेस्ट में विभिन्न कॉलेजेस के स्टूडेंट्स ने हैंडमेड पीस के लगाए स्टॉल

क्या बोले स्टूडेंट्स...

यंगस्टर्स को पसंद आ रहीं एस्थेटिक डायरी
मेरा नाम उपांशु है और मैं नेशनल पीजी कॉलेज का स्टूडेंट हूं. इंसुला फेस्ट में मैंने एस्थेटिक डायरीज का स्टॉल लगाया है, जिनका डिजाइन हम खुद प्रिपेयर करते हैं. यंगस्टर्स को ये डायरीज बहुत पसंद आ रही है.

मोतियों से कारीगरी
मेरा नाम श्रद्धा है, मैं शिया पीजी कॉलेज की स्टूडेंट हूं. मैंने और मेरी फ्रेंड ने मिलकर पर्ल्स और बीड्स से डिजाइनर पीस तैयार किए हैं. गर्ल्स को इस तरह के पीस काफी एक्साइटिंग लगते हैं.

कपकेक्स से हैपीनेस
मेरा नाम वारीशा है और मैं एलयू की स्टूडेंट हूं. मैंने सोशल मीडिया के जरिए कपकेक्स बनाना सीखा है और मैंने फेस्ट में भी कपकेक्स और डोनट्स का स्टॉल लगाया है, जिसका टेस्ट लोगों को काफी अच्छा लग रहा है.

काफी अट्रैक्टिव हैं चेन्स एंड ब्रेसलेट्स
मेरा नाम अबीहा है, मैं शिया पीजी कॉलेज की स्टूडेंट हूं. मैंने और मेरी दोस्त वजीहा ने मिलकर हैंडमेड ब्रेसलेट्स और नेकपीस तैयार किए हैं. जिसका स्टॉल हमने इस फेस्ट में भी लगाया है. ये ब्रेसलेट्स काफी अट्रैक्टिव हैं और लोगों को भा रहे हैं.

पहलगाम में मारे गए लोगों के बच्चों को पढ़ाएगा एलयू

लखनऊ यूनिवर्सिटी देगी पीड़ित बच्चों को फ्री एजुकेशन

LUCKNOW (29 April) : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्ममता से हत्या कर दी थी. इस हमले की निंदा करते हुए और मारे गए लोगों के परिवार के प्रति सहानुभूति का भाव रखते हुए लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मंगलवार को कहा कि पीड़ित परिवारों का कोई भी व्यक्ति एलयू में निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकता है. पहलगाम में नृशंस आतंकी हमले में हमारे देश के 26 नौजवानों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा. इस अत्यंत घृणित कार्य की पूरे लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार और मैं कठोरतम शब्दों में भर्त्सना करता हूं. मैं कहना चाहता हूं कि इन सभी 26 परिवारों से यदि कोई भी लखनऊ विश्वविद्यालय में आकर पढ़ाई करना चाहता है, तो विश्वविद्यालय परिवार उनका स्वागत करता है. उनकी पढ़ाई के दौरान आने वाले सभी खर्चों, उनकी शिक्षा, उनकी किताबें, उनके रहने-खाने के सभी खर्चों का वहन लखनऊ विश्वविद्यालय करेगा.

एलयू में शिक्षकों कर्मचारियों को कैशलेस सुविधा

वीसी ने कैशलेस कार्ड टेकर किया शुभारंभ

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (29 April): लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में मंगलवार को वीसी प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा का शुभारंभ करते हुए कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए. यूपी के किसी भी राज्य विश्वविद्यालय में इस प्रकार की सुविधा देने वाला लखनऊ विश्वविद्यालय पहला विश्वविद्यालय है. इस सुविधा के अंतर्गत एलयू के शिक्षक एवं कर्मचारी एवं उनके पति या पत्नी 4 लाख रुपए तक की चिकित्सा सुविधा का निशुल्क लाभ उठा सकते हैं. इस मौके पर वीसी प्रो. राय ने कहा कि भविष्य में हमारा प्रयास होगा कि इस सुविधा के अंतर्गत कर्मचारी एवं शिक्षकों के बच्चों को भी नामित किया जा सके. इसके अतिरिक्त 65 वर्ष तक इस सुविधा का लाभ शिक्षक एवं कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति के बाद ले सकें.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि कुलपति ने बांटे कैशलेस चिकित्सा कार्ड

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के द्वारा मालवीय सभागार में लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गयी कैशलेश चिकित्सा सुविधा से संबंधित सुविधा का शुभारम्भ करते हुए कैशलेश चिकित्सा कार्ड वितरित किये गये।

कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के सभी संकायो के अध्यक्षों (डीन) को कुलपति ने अपने हाथों से कैशलेश चिकित्सा कार्ड प्रदान कर इस सुविधा का शुभारम्भ किया। उत्तर प्रदेश के किसी भी राज्य विश्वविद्यालय में इस प्रकार की सुविधा देने वाला लखनऊ विश्वविद्यालय प्रथम विश्वविद्यालय है। इस सुविधा से लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी एवं उनके पति/पत्नी चार लाखरूपये तक की चिकित्सा सुविधा का निःशुल्क लाभ उठा सकते हैं।

कैशलेश बीमा के अंर्तगत लखनऊ के सभी प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान/अस्पताल शामिल है। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय भाषण में कुलपति ने कहा कि भविष्य में हमारा प्रयास होगा कि इस सुविधा के अन्तर्गत कर्मचारी एवं शिक्षकों के बच्चो को भी शामिल किया जा सके। इसके अतिरिक्त 65 वर्ष तक इस सुविधा का लाभ शिक्षक एवं कर्मचारी अपने सेवानिवृत्ति के बाद ले सके। कुलपति ने इस सुविधा को विस्तारित करने का आश्वासन अपने संबोधन में दिया। कुलपति ने शिक्षकों के लिए आवास की सुविधा को बढ़ाने के लिए एक मल्टीस्टोरी अपार्टमेंट की आवश्यकता को स्वीकार किया और यह कहा कि विश्वविद्यालय इसके लिए निश्चित तौर पर प्रयास कर रहा है एवं जल्द ही इस विषय में कार्य योजना फलीभूत होगी।

कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ एवं लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना, कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी, लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. आरबी सिंह मून, महामंत्री डा. अनित्य गौरव, कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव, महामंत्री संजय शुक्ला के अतिरिक्त सभी संकायो के अधिष्ठाता तथा विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल थे।

आतंकी हमले में मारे गये लोगों के परिजनों को लविवि देगा निःशुल्क शिक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मंगलवार को वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि बीते 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में हमारे देश के 26 नौजवानों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। इस अत्यंत घृणित कृत्य की पूरे लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार की ओर से और अपने निजी ओर से मैं कठोरतम शब्दों में भर्त्सना करता हूं। विश्वविद्यालय परिवार के कुलपति के अधिकार से मैं यह कहना चाहता हूं कि इन सभी 26 परिवारों से यदि कोई भी लखनऊ विश्वविद्यालय में आकर पढ़ाई करना चाहता है, तो विश्वविद्यालय परिवार उनका स्वागत करता है। उनकी पढ़ाई के दौरान आने वाले सभी खर्चों उनकी शिक्षा, उनकी किताबें, उनके रहने-खाने सभी खर्चों का वहन लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार करेगा। ईश्वर इन मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करें, ऐसी हम सबकी कामना है।

लवि : अब 278 केंद्रों पर होगी सम सेमेस्टर परीक्षाएं

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने तीन मई से होने वाली सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए मंगलवार शाम को केंद्रों की फाइनल सूची जारी कर दी है। अब लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी और सीतापुर जिले को मिलाकर परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़कर 278 हो गई है। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से अपना परीक्षा केंद्र देख सकते हैं। फाइनल केंद्रों की सूची में 22 नोडल केंद्र भी बनाए गए हैं। परीक्षाओं में शामिल होने के लिए छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र बुधवार शाम को जारी किए जाएंगे। गौरतलब है कि प्रस्तावित सूची में 269 केंद्र शामिल थे। इन पर 28 अप्रैल तक आपत्तियां मांगी गई थीं।

लवि में विशेष सत्र

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संस्थान (आइएमएस) ने मंगलवार को महिलाओं के लिए वित्तीय कल्याण पर विशेष सत्र आयोजित किया। इसमें नेशनल स्टाक एक्सचेंज एकेडमी के विशेषज्ञों ने वित्तीय साक्षरता और जागरूकता बढ़ाने के तरीके बताए। यह भी समझाया कि कैसे अपने वित्त और निवेश को बेहतर तरीके से प्रबंधित करें, मुद्रास्फीति से कैसे बचा जाए। कार्यक्रम में ओएसडी प्रो. विनीता कांचर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।